तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार, 24 मार्च 2024





डीएसपी व थाना प्रभारी तमनार ने ली बैठक




## खबर संक्षेप

### बकाया टैक्स रिकव्हरी में तेजी लाने की कवायद

**रायगढ़।** नगर निगम द्वारा जारी वित्तीय वर्ष के लिए नगर निगम की राजस्व विभाग द्वारा बड़े बकायादारों को लगातार नोटिस जारी किया जा रहा है। नगर पालिका निगम के अधिनियम की धारा 174 के तहत अब तक 25 से ज्यादा बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद भी बकाया टैक्सए जलकरए समेकित कर एवं संपत्ति कर को जमा नहीं करने पर नगर पालिका निगम अधिनियम की धारा 175 के तहत नोटिस जारी कर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन ने समस्त शहर वासियों को जलकरए संपत्ति करए समेकित कर यूजर चार्ज को समय पर जमा करने की अपील की है।

### सीएमएचओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीके चंद्रवंशी ने आज किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के मेल एवं फिमेल सर्जिकल वार्डए बर्न वार्ड, कैजुअल्टी वार्ड, आई वार्ड तथा ओपीडी का निरीक्षण किया तथा दवाईयों के स्टॉक का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में रोगियों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नहीं हो, अस्पताल में डॉक्टर और दवा सब कुछ समय पर उपलब्ध हों। उन्होंने वार्डो में भर्ती रोगियों से मिलकर उनके कुशलता पूछने के साथ ही अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने वार्डो की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली।

### चेम्बर का होली मिलन 27 को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला इकाई के द्वारा 27 मार्च को रामबाग मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस बार चेंबर ईकाई कवि सम्मेलन आयोजित करते हुए समारोह में तिलक होली खेलेगी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील रामदास अग्रवाल और प्रदेश मंत्री शक्ति अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि रामबाग में 27 मार्च की शाम 7 बजे से पारिवारिक माहौल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर तिलक होली खेली जाएगी। वहींए कवि सम्मेलन में देशभर के नामचीन कवि अपनी रचना से लोगों को गुदगुदाएंगे। कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के पद्मश्री सुरेंद्र दुबे के साथ योगेंद्र शर्मा राजस्थान, पद्मिनी शर्मा नई दिल्ली, सुदीप भोला मध्यप्रदेश, आकर मंच साझा करेंगे।

### भाजपा मंडल की कामकाजी बैठक

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर शक्ति केंद्र की कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई। उक्त शक्ति केंद्र के अंतर्गत नगर के कुल 6 वार्डों के कार्यकर्ताओं ने बैठक में हिस्सा लिया। जिसमें वार्ड क्रमांक 3 से क्रमशः 8 वार्ड तक के भाजपेयी सम्मिलित हुए। उक्त बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को प्रचंड मतों से जीतने की रणनीति बनायी गई। बैठक में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कुल 5 बिंदुओं पर कार्य करने की योजना तैयार की गई, जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र में बैठक की तिथि निर्धारित की गई। इसके अलावा दीवार लेखन व झंडा लगाने से लेकर लाभार्थी संपर्क के जरिये जन जन तक पहुंचने की बात कही गई ।

### जिला चिकित्सालय का वार्ड बॉय निलंबित

**जशपुरनगर।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के द्वारा जिला चिकित्सालय जशपुर में कार्यरत वार्ड ब्वॉय से स्पष्टीकरण मांगा गया था। संबंधित के द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर संदीप सिंह को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम नियम 1966 के नियम 9.1. (क) के तहत निलंबित किया गया है।

## कमीशन पाने, मरीजों से दवा की पर्ची लूट लेते हैं दुकान के कर्मचारी

# अस्पताल में मेडिकल संचालकों ने सिक्यूरिटी गार्ड से की मारपीट

*शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ किया अपराध दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के अशर्फी देवी महिला चिकित्सालय में ड्यूटी कर रहे एक गार्ड ने मरीज की पर्ची लूट रहे मेडिकल संचालक को मना किया तो उसने धक्का मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ विवाद भी किया। जिसके बाद सुरक्षाकर्मी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

उल्लेखनीय है कि शहर का एक ऐसा अस्पताल है, जहां पूरे जिले से मरीज पहुंचते हैं। ऐसे में जब मरीज डाक्टर रूम से जैसे ही बाहर निकलते हैं, वहां पहले से उनके इंतजार में मेडिकल संचालक बैठे रहते है और उनके बाहर आते ही हाथ से पर्ची लूटकर सीधे अपने मेडिकल में पहुंच जाते है। जिससे न चाहते हुए भी मरीज के परिजनों को उनके स्टोर से महंगा दवा खरीदना पड़ता है। जिसको लेकर आए दिन विवाद की भी स्थिति निर्मित होती है। ऐसे में इस अस्पताल में सिक्यूरिटी गार्ड की ड्यूटी करने



वाले कोतवाली थाना क्षेत्र के राजीवनगर निवासी प्रेमकांत चौबे पिता सुदर्शन चौबे उम्र 30 वर्ष शुक्रवार को ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान दोपहर करीब दो बजे एक परिजन अपने मरीज को डाक्टर रूम से दिखाकर जैसे ही बाहर निकला तो वहां पहले से पर्ची का इंतजार कर रहे मेडिकल संचालक जिम्मी अग्रवाल और मनीष अग्रवाल ने परिजन के हाथ से पर्ची को लूट कर अपने मेडिकल स्टोर की भागने लगे, जिससे मरीज के आवाज लगाते देख सिक्यूरिटी गार्ड प्रेमकांत चौबे ने जब मेडिकल संचालक को रोकने का प्रयास किया तो जिम्मी और मनीष अग्रवाल ने गार्ड को अनाप.शनाप बोलते हुए उसका मरोड़ हुए धक्का मुक्की तो किया ही साथ ही जान से मारने की भी धमकी दे डाली। जिससे पीड़ित गार्ड प्रेमकांत चौबे ने तत्काल कोतवाली थाना पहुंचकर दोनों मेडिकल संचालकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। जिस पर कोतवाली पुलिस ने आवेदन के आधार पर मेडिकल संचालक जिम्मी अग्रवाल और मनीष अग्रवाल के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में अस्पताल वाले मरीजों की मानें तो यहां जेनरिक दवा दुकान भी चालू हैए लेकिन जैसे हाथ में पर्ची मिलता हैए वैसे ही मेडिकल संचालक पर्ची को लूटकर भाग जाते हैंए जिससे चाहकर भी सस्ती दवा नहीं खरीद पाते हैं। ऐसे में मजबूरीवश महंगी दवा लेना पड़ता है। ऐसे में अगर अस्पताल संचालक द्वारा कड़ाई बरती जाती तो इस तरह की मरीज के परिजनों को परेशान नहीं होना पड़ता।

### कई बार हो चुकी है शिकायत

गौरतलब हो कि इस अस्पताल में आए दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती है। जिसको लेकर पहले भी शिकायत हुई थी, जिससे पूर्व कलेक्टर द्वारा निर्देश जारी करने के बाद कुछ दिनों तक मेडिकल संचालकों का आना कम था, लेकिन अब फिर से इनका जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। वहीं रात के समय इनकी संख्या बढ़ जाती है। जिससे गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों के परिजनों की परेशानी बढ़ जाती है।

### लंबे समय से चल रहा खेल

अहम बात यह है कि इस अस्पताल में यह खेल आज कल का नहीं है। बल्कि काफी लंबे समय से चल रहा है। कुछ मेडिकल संचालक व उनके कर्मचारी बकायदा डॉक्टर के चेंबर में घुस कर मरीजों से पर्ची ले लेते हैं और उनके मेडिकल स्टोर से दवा लेने को कहते हैं। जब मरीज के परिजन मना करते हैं तो उनसे बदसुलूकी की जाती है।

## चपले बाजार में मोबाइल चोरी तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चपले में आयोजित सप्ताहिक बाजार से पांच लोगों के मोबाइल एक घंटे के भीतर अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में हरिभूमि ने शनिवार के अंक में खबर प्रकाशित कर पुलिस का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। अब इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को खरसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रशिक्षु आ ई पी ए स आ का श श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस द्वारा चपले बाजार में मोबाइल चोरी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों युवक साहेबगंज झारखंड के रहने वाले हैं जो भीड भाड़, में पॉकेटमारी कर मोबाइल की चोरी करते थे। विगत दिनों ग्राम चपले साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोरी के 6 मामले सामने आए जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध कायम किया गया। प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी

- बीते दिनों की वारदात पर पुलिस की कार्रवाई



खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल द्वारा मुखबीर सक्रिय कर चोरी मोबाइलों को ट्रैक किया गया जिसमें झारखंड के युवकों का पता चला जिन्हें आज हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सूरज कुमार मण्डल पिता बाबूलाल उम्र 32 वर्ष निवासी कल्याणी नया तोला महराजपुर थाना तालझाड़ी जिला साहेबगंज झारखण्ड, प्रदीप महतो पिता गोपीचंद उम्र 18 वर्ष ग्राम गदाई दियारा महाराजपुर थाना तालझाड़ी जिला साहेबगंज झारखण्ड, राहुल कुमार चौधरी पिता पवन चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी महराजपुर बाजार थाना तालझाड़ी जिला साहेबगंज झारखण्ड के कब्जे से 6 मोबाइल सैमसंग, ओप्पो, इंफीनिक्स और वीवो कीमती 90 हजार रुपए का जप्त कर आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## ओपी जिंदल कालेज में टेक्नोरॉलिक्स संपन्न





**तमनार।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय ओपीजेयू द्वारा आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सवए जुनून और टेक फेस्टए टेक्नोरॉलिक्स में पवनदीप राजन और अरुणिता कंजिलाल के देशभक्ति सुमधुर गीतों से गुंजायमान हुआ। कार्यक्रम के सेलिब्रिटी और डीजे नाइट खंड में हजारों छात्र माता-पिता और प्रतिष्ठित मेहमानों ने एक साथ मिलकर उत्सव मनाने का मजा लिया।

इंडियन आइडल सीजन 12 के विजेता पवनदीप राजन और उसी सीजन की प्रतिष्ठित दूसरी स्थानीय अरुणिता कंजिलाल ने अपने आत्मीय गानों के माध्यम से जनता को बाधया, जिसमें ष्माँ तुझे सलाम और वंदे मातरम जैसे देशभक्ति भरे गीत शामिल थे। 3 हजार से अधिक छात्रों ने उत्साह से भाग लिया बीट्स के साथ नृत्य किया।डीजे हेमंत ने डीजे नाइट कार्यक्रम में आग लगाई, जिससे लोग रात के देर तक नृत्य में लिपटे रहे। अमन ने अपने अतुल्य एंकरिंग के साथ सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम की प्रवाहिता को बनाए रखा जाए, जिससे कार्यक्रम का सम्पूर्ण आनंद बढ़ा। ओपीजेययू के वाइस चांसलर डॉ. आरडी पाटिदार ने पवनदीप राजन और अरुणिता कंजिलाल को उनके संगीत और संस्कृति में उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध झारा क्राफ्ट स्मारक और ओपी जिंदल विश्वविद्यालय का पारंपरिक शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का महत्व न केवल प्रतिभा का मनाना थाए बल्कि हजारों माता-पिता और प्रतिष्ठित नागरिकों का एकत्रित होना था जो विभिन्न प्रदर्शनों और जीवंत वातावरण से प्रभावित हुए।

- एक उपकरण की पवनदीप राजन व अरुणिता की सुमधुर गीतों से ओपीजेयू हुआ गुंजयमान

## जिले की पुलिस ने नशे के विरूद्ध छेड़ा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा नशे के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है, इनके पदस्थापना अवधि लगभग डेढ़ माह (दिनांक 08.02.2024 से 22. 03. 2024) में ही नशे का कारोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभारी कार्यवाही करने हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश देकर लगातार जिले के थाना/चौकी में कार्यवाही कराई जा रही है। जिले के विभिन्न थाना व चौकी क्षेत्रों में कुल 80 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से नशीले पदार्थ जैसे गांजा,

- पुलिस अधीक्षक ने दिए सभी थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश



नशीली दवा, अवैध शराब इत्यादि पदार्थ कीमती रू. 5,06,210 (पांच लाख छः हजार दो सौ दस) जप्त किया गया है।

जिला पुलिस जशपुर द्वारा तस्कारों से मादक पदार्थ गांजा कुल 43 किलो 600 किलोग्राम कीमती 4,40,000 रूपए (चार लाख चालीस हजार रूपए), नशीली कफ सिरप 201 नग 100 एमएल सीसी कीमती 34,170 रूपए (चौतीस हजार एक सौ सत्तर) नशीली टेबलेट 672 नग कीमती 13500 रूपए (तेरह हजार पांच सौ रूपए) कुल 4,87,670 रूपए (चार लाख सत्तासी हजार छः सौ सत्तर) का जप्त कर कुल 05 प्रकरण में कार्यवाही करते हुए कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह अवैध शराब के कुल 70 प्रकरण में कुल 70 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उसे 152.985 लीटर शराब कुल कीमती 18,540 /-(अट्ठारह हजार पांच सौ चालीस) एवं बिक्री रकम 1710 रूपए नगद जप्त किया गया है। जिले के थाना व चौकी द्वारा नशे के विरूद्ध सक्रिय होकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है किः- विगत डेढ़ माह में जिला जशपुर के थाना व चौकी क्षेत्रातंर्गत नशे के कारण वाहन एक्सीडेंट से 31 प्रकरण में 25 व्यक्ति की मृत्यू हो गई है, एवं 09 व्यक्ति घायल हुये हैं। इसी प्रकार नशे के कारण हत्या के 06 प्रकरण में 06 व्यक्ति की मृत्यू एवं 06 आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आगामी समय में नशे के विरूद्ध जशपुर पुलिस द्वारा यह अभियान और तेजी से चलाया जायेगा। क्षेत्र में किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां होती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देवें।

## करंट की चपेट में आए युवक की मौत

**रायगढ़।** खेत में गिरे करंट प्रवाहित विद्युत तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम परसखोल निवासी रामेश्वर कंवर पिता पंचराम कंवर उम्र 30 वर्ष है। विगत दिनों जिले में आई आंधी बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में कई बिजली व्यवस्था बाधित हो गई थी। जिससे रामेश्वर गुरुवार को घर से विद्युत लाइन में आई खराबी को देखने गया था। ऐसे में उसने तार को देखते हुए गांव के बलराम साहू के खेत तक पहुंच गया। जहां पहले से एक करंट प्रवाहित तार टूटकर गिरा था। जिससे उक्त तार वह देख नहीं पाया और उसके चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कुछ देर बाद जब गांव के अन्य ग्रामीण खेत की ओर गए तो तो देखे कि रामेश्वर तार में लिपटा था। तब इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी गई, जिससे पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

### संदिग्ध लाश की हुई शिनाख्त

तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे करीब 12 दिन पहले एक अज्ञात महिला की सड़ी गली लाश मिली थी, जिसकी शिनाख्त अब हो चुकी है। शव की शिनाख्ती होने के बाद परिजनों को सूचित कर दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विगत 10 मार्च को तमनार क्षेत्र में सडक्र किनारे एक सड़ी.गली हालत में लाश मिली थीए साथ ही वहां पर मृतिका के कपड़े व चूड़ी पड़ा था, जिससे पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही थी। जिससे पुलिस को जानकारी मिली कि उक्त शव तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम केशरचुंआ निवासी रंगवती चौहान पति मंगलू चौहान उम्र 50 वर्ष की है। बताया जाता है कि मृतिका रंगवती चौहान की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण कभी अपने बेटे के यहां तो कभी बेटी के यहां जाती थी। ऐसे में विगत दिनों घर से हिंझर में रहने वाले अपने बेटे के घर जा रही थी, लेकिन वहां नहीं पहुंची। जिससे परिजनों को लगा कि बेटी के घर गई होगी, लेकिन इसकी बीच रास्ते में ही मौत हो गई। ऐसे में जब पुलिस द्वारा फोटो वायरल किया गया तो परिजनों ने उसके कपड़े व चूड़ी से उसकी पहचान रंगवती के रूप में किया है।

## डिग्री कालेज में स्वीप कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शनिवार को स्थानीय केजी कालेज में होली के रंग नए मतदाताओं के संग कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सभी नए मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में वोट जरूर करने की बात कही।

कार्यक्रम सुबह 11 बजे से कॉलेज के अंदर स्टेज प्रांगण में शुरू हुआ। सबसे पहले सभी युवा मतदाताओं को रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी कॉलेज के स्टूडेंट जिनका मतदाता सूची में पहली बार नाम जुड़ा है। उन सभी को लोकसभा चुनाव में चुनाव के दिन 7 मई 2024 को वोट जरूर देने की अपील की गई। सभी युवा मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन वोट डालने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवा मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने और वोट डालने की बात कही। कार्यक्रम में तहसीलदार श्रीमती नेहा उपाध्याय, उपायुक्त नगर पालिक निगम सुतीक्ष्ण यादव, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रीति बाला बैस, जिला मास्टर ट्रेनर राजेश डेनियल, विकास सिन्हा, महाविद्यालय के प्रोफेसर्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- नए मतदाताओं ने कहा वोट देने जरूर जाएंगे



## जिले में धारा 144 लागू कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने आचार संहिता लागू दिनांक से आदेश जारी कर जिले में 144 धारा लागू किया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, 1 एवं 2 के अन्तर्गत निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला. सारंगढ़-बिलाईगढ़ के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा है। इसके अंतर्गत जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अंदर कोई भी व्यक्तिए किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र.शस्त्र यथा बन्दुक, रायफल, पिस्टल, भाला, यल्लम्, बरछा, तलवार, गुप्ती, खूखरी लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थानए आम सडक, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं, रैली, जुलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। जिला. सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और आपत्तिजनक नारे नहीं लगायेगा। आपत्तिजनक पोस्टर आदि प्रदर्शित, वितरित नहीं करेगा। जिला. सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह या दलए बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा। साथ ही किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन, चक्का जाम एवं पुतला दहन किसी भी स्थिति में वर्जित रहेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आमसभा, जुलूस, घरना आदि आयोजित करने के 24 घंटा पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा तथा अनुमति प्राप्त होने के बाद संबंधित राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति आम सभाए जुलूस, घरना आदि का आयोजन कर सकेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अन्तर्गत आने वाले नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी धार्मिक स्थल या उसके आस पास 100 मीटर की परिधि में आमसभा का आयोजन नहीं करेगा और न ही धार्मिक स्थलों का उपयोग किसी भी तरह के राजनैतिक प्रयोजनों हेतु करेगा। किसी भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से किसी प्रकार के नारे.बाजी या प्रचार प्रसार एवं वक्तव्य का उद्घोष नहीं करेगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र, नारेबाजी या प्रचार प्रसार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लघन करने वाला व्यक्ति, दल, भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

### शहर में जगह जगह होलिका दहन की तैयारी

# होलिका दहन आज, कल मनाई जाएगी होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

होलिका दहन के लिए 24 मार्च को रात साढ़े दस के बाद मुहूर्त है। 25 मार्च को रंगों का पर्व होली खेली जाएगी। कई जगह 26 मार्च को भी होली खेली जाएगी। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभावी आचरण संहिता के बावजूद शहर में होली के पर्व की जोरदार तैयारी की जा रही है। होली मिलन का कार्यक्रम दो दिन पहले से ही आयोजित होने लगा है। नशे और अवैध शराब जब्त करने की पुलिसिया कार्रवाई जोर पकड रही है। रंग गुलाल और पिचकारी की दुकानें सज चुकी हैं। शहर में होली का हुडदंग खुलकर शेर आने लगा है।

होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। सभी नकारात्मकता और बीमारियां नष्ट हो जाती हैं। इस पर्व को समृद्धि और खुशियों के तौर पर



भी मनाते हैं। आचार्य प्रियंक दीक्षित ने बताया कि होलिका दहन का शुभ समय रात 11.15 बजे से है। रात 12.27 बजे तक होलिका दहन किया जा सकता है। होलिका दहन वाले दिन भद्राकाल सुबह 9.54 से लगेगा। सोमवार को होली खेली जाएगी। यद्यपि काशी के पंचांग विद्वानों के अनुसार पूर्णिमा तिथि सोमवार को 11.23 बजे तक रहेगी तो उदया तिथि अनुसार सोमवार को पूर्णिमा ग्रहण की है। इस पर कहीं 26 मार्च होली पर्व मनाया जाएगा। होली पर चंद्र ग्रहण का भी साया रहेगा। चंद्र ग्रहण 25 मार्च को सुबह 10.23 बजे शुरू होगा और दोपहर 3.2 बजे तक रहेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। आचार्य प्रियंक दीक्षित ने बताया कि अपने यहां चंद्रग्रहण का सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

### रंग-गुलाल और पिचकारी की सजी दुकानें

होली को खास बनाने के लिए मार्केट में म्यूजिकल गन पिचकारी और गुलाल उड़ाने वाला सिलेंडर आया है। म्यूजिकल गन पिचकारी में रंग निकलने के साथ.साथ अलग-अलग तरह के गाने भी बजेंगे। यह गाने बटन दबाने के साथ ही चेंज भी होते जाएंगे। यह पिचकारी बैटरी से चलेगी। इसमें रंग भरने के लिए पाइप को खींचना होगा उसके बाद रंग इसमें अपने आप भर जाएगा। गुलाल उड़ाने वाला सिलेंडर 2 केजी, 3केजी, 5केजी में उपलब्ध है। वही बच्चों के लिए अलग अलग कार्टून कैरेक्टर्स जैसे स्पाइडर मैन, हल्क, कैप्टन अमेरिका, आयरन मैन, बाघ, चिपांजी, गुरिल्ला की शक्ल के मुखौटे मार्केट में उपलब्ध हैं। इसके साथ ही बार्बी, पेपा पिग, बेन 10 कार्टून कैरेक्टर की भी बैग के साथ पिचकारी मार्केट में आई हुई है। इस बार मार्केट में डिज्नी के गुलाल आए हुए हैं जो कि एकदम हर्बल हैं।

23- March -Jash-RGH-CORIYA- Bhoomi pg2_Layout 1 3/23/2024 7:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बने रजत



**जांजगीर-चांपा।** लखीराम अग्रवाल मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के आडिटोरीयम में भव्य समारोह में डा.पंकज मधुकर लुका डीन द्वारा अतिथियों की उपस्थिति में रजत कुमार साहू को एम. बी. बी. एस. डाक्टर की डिग्री प्रदान की गई। ये बोधीराम साहु प्रधान पाठक श्रीमति चमेली साहू व्याख्याता शिक्षक दंपती के पुत्र व सेवानिवृत्त पटवारी रामसाय साहू के नाति है। रजत बचपन से ही मेघावी छात्र रहे है,अपने कड़ी मेहनत से नीट की प्रथम परीक्षा में ही अच्छे अंक पाकर शासकीय मेडिकल कॉलेज में रेंक प्राप्त किया। डॉक्टर बनने का श्रेय अपने माता पिता,दादा, गुरुजन के सफल मार्गदर्शन को देते है।

### होली के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन 25 को

**अकलतरा।** नगर की सामाजिक संस्था पहला द्वारा होली के पावन अवसर पर 25 मार्च को नगर के शास्त्री चौक में शाम 6 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में भोपाल की श्रृंगार रस की कवित्री संगीता सरल, बिलाईगढ़ की अंजू लता, छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हास्य कवि बंशीधर मिश्रा, कोरबा के हास्य रस कवि हीरामणि वैष्णव, राजिम के काशीपुरी कुंदन, रमेश सोनी एवं राजेश उर्मिल द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। पहल संस्था के विकास केडिया एवं सौरभ जैन ने बताया कि नगर में विगत दो वर्षों से संस्था द्वारा होली के पावन अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कवि सम्मेलन में महिलाओं एवं नगर वासियों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था करने के साथ-साथ सुरक्षा के विशेष इंतजाम भी किए जाएंगे।

### नवीन प्राथमिक विद्यालय में न्यौता भोज का आयोजन



**बिर्रा।** शासकीय नवीन प्राथमिक विद्यालय फूलवारीपारा में प्रधान पाठक संतराम कश्यप के सुपुत्री लता कश्यप के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री पोषण आहार के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों को न्यौता भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के सभी बालक बालिकाओं को दाल भात जलेबी केला सभी को परोसा गया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शत्रुघन निषाद, शैक्षिक समन्वयक गुरू प्रसाद भातपहरे, प्रधानपाठक मुरारीलाल थवाईत, लखनलाल कश्यप, लक्ष्मी प्रसाद देवांगन सेवानिवृत्त प्रधान पाठक अरूण कुमार कश्यप, शिक्षिका श्रीमती संगीता साहू , सुश्री दीपिका साहू, रसोईया अवधमति साहू, श्रीमती सूरजबाई कश्यप, सफाई कर्मचारी राजेन्द्र पटेल, कैलाश यादव उपस्थित थे।

### बच्चों को खिलाई गई खीर-पुड़ी व मिठाई



**अकलतरा।** शासकीय उन्नयन पूर्व माध्यमिक शाला पोंड़ी भाठा में 21 मार्च को न्योता भोजन कराया गया। इसमें बच्चों को खीर, पुड़ी, केला, अंगूर, गुलाब जामुन, चांवल, दाल, सब्जी, पापड़, सलाद , कैडबरीज चॉकलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर अकलतरा बालक संकुल के सीएसी दामोदर प्रसाद चौधरी उपस्थित रहे।

### बावनपरी पर दांव लगाते 5 जुआरी गिरफ्तार, 14 हजार नगदी जब्त

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीडीह में सार्वजनिक जगहों पर बापनपरी का दांव लगाते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त जुआरियों के कब्जे से 14 हजार नगदी सहित 2 लाख 14 हजार का माल जब्त किया है। इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी मुलमुला एंव साईबर सेल जांजगीर के संयुक्त टीम के निर्देशन पर जुआ, सटटा कार्यवाही के लिए रवाना हुए। मुखबीर सूचना मिला कि थाना मुलमला के ग्राम मुरलीडीह आम जगह में काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश दी गई। जहां मौके पर संजीत रात्रे पिता संतोष रात्रे उम्र 24 साल, भुवन भास्कर रात्रे पिता तुलाराम रात्रे उम्र 31 साल, उमेंद कुमार यादव पिता स्व मकुंदा यादव उम्र 39 वर्ष निवासी मुरलीडीह थाना मुलमला, गोपाल यादव पिता महाबीर यादव उम्र 30 साल 05 अनिल कश्यप पिता मोहितराम कश्यप उम्र 20 निवासी किरारी को काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथ पकडा गया गया। जिनके पास एंव फड से 14300 रूपये नगदी एंव 52 पत्ती तास ,बोरा फटटी एंव 4 मोटर सायकल कुल जुमला 2 लाख 14 हजार 300 रूपये के साथ गवाहों के समक्ष जब्त किया गया।

---

## खरीददारी करने पहुंचने लगे लोग, पुलिस प्रशासन भी जुटा तैयारियों में

# रंग-गुलाल पिचकारी से सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रंगों का त्योहार होली सोमवार को मनाया जाएगा। इसको लेकर रंगों का बाजार सजने लगा है। बाजार में एक से बढ़ कर एक पिचकारी दिखायी पड़ रही है। इस वर्ष बाजार में केमिलल रंग के साथ -साथ फूलों के पंखुड़ियों से बनने वाले रंग की मांग ज्यादा है। बाजार में रंग-अबीर, पिचकारी के साथ-साथ आकर्षक मुखौटे भी दिखायी पड़ रहे हैं। इस बार बाजार में कई प्रकार की डिजाइन वाली पिचकारी उपलब्ध है। इसकी कीमत 40 रुपये से 350 रुपये तक है।

गौरतलब है कि रंगों का पर्व होली सोमवार 25 मार्च को मनाई जाएगी। शहर सहित अन्य जगहों पर रंग-गुलाल पिचकारी की दुकानें सजने लगी है, जहां लोग खरीददारी करने पहुंच रहे है। रविवार 24 मार्च को जगह-जगह होलिका दहन किया जाएगा। इधर पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था को लेकर जुट गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह शांति समिति की बैठक लेकर लोगों को शांतिपूर्वक होली मनाने अपील की गई है। होली पर्व को लेकर बच्चों में व युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खासकर बच्चे अपने लिए रंग-बिरंगी पिचकारियों के साथ-साथ गुलाल एवं मुखौटे की खरददारी शुरु कर दी है। वहीं लकड़ियों को खेत एवं घरों से लाकर होलिका दहन के जगह में रखा जा रहा है।



केरा रोड में सजा रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकान।

### बच्चों को लुभा रही खिलौने वाली पिचकारी

बच्चों को दुकानों पर खिलौने वाली पिचकारी भा रहीं हैं। त्योहार से पहले ही दुकानदारों ने बच्चों की मांग के अनुसार बेचने के लिए पिचकारियों को मंगाया गया है। दुकानों पर पहुंच रहे बच्चे खिलौने वाली पिचकारियों की ज्यादा मांग कर रहे हैं। होली सामनों के विक्रेताओं ने बताया कि दुकानों पर रखी रंग-बिरंगी पिचकारी बच्चों को लुभा रही हैं। दुकानों पर प्लास्टिक की सादा पिचकारी 50 से 300 रुपये, खिलौने वाली प्लास्टिक की पिचकारी 100 से 400 रुपये, स्टील की पिचकारी 300 से 500 रुपये, स्टील का फुब्बारा 300 से 800 रुपये तक की रेंज में मिल रहा है। बच्चों को इस बार भी खिलौने वाली पिचकारी ही भा रही हैं। इस बार पिचकारी 20 रुपये से लेकर 300 रुपये तक महंगी हुई है। होली पर पिचकारियों की मांग रहती है। पीतल की बड़ी पिचकारी मांग के अनुसार ही मंगाई जाती है। इस बार भी इसकी मांग है। बाजार में ज्यादातर पिछले वर्ष का स्टॉक है। छोटा भीम, मोटू पतलू, टोम एंड जैरी, मोदी, योगी, टैंक, डोरेमोन कार्टून पात्रों की की पिचकारी बाजार में उपलब्ध हैं।

### होली पर्व में हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। तहसीलदार कृष्ण कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी सागर पाठक, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, नगर के सभी पार्षद, सीएमओ आशीष तिवारी, ग्राम सरपंच एवं ग्राम कोटवार बडी संख्या में बैठक में उपस्थित रहे। तहसीलदार के के जायसवाल ने कहा है की होली का पर्व शांति एवं सौहाद्र पूर्ण से मनाए। होली पर्व में किसी भी तरह से अशांति ना फैलाए, जिससे माहौल खराब हो इसके साथ ही तहसीलदार ने लोगों से होली पर्व को शांति पुर्ण ढंग से मनाने की अपील भी किया। होलिका दहन के लिए कोई भी व्यक्ति पर्यावरण को नुकसान नही पहुंचाए, हरे भरे पेड़ पौधों को ना काटे, किसी भी दूसरे के घरों से लड़की की चोरी कर होलिका दहन में ना डाले। अनावश्यक लोगों को परेशान करने वाले एवं सार्वजनिक सामानों को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन की रात्रि में आवाजाही करने वालों से बदसलूकी और रास्ते को लकड़ी और पत्थर से ब्लॉक करते हुए पकड़े जाने पर ऐसे लोगों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन सख्ती से पेश आयेगी। थाना प्रभारी सागर पाठक ने बताया कि होली पर्व के दिन दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, चार सवारी बैठने पर प्रतिबंध रहेगा।





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के साथ बुनकर।

## शिल्प उन्नति समारोह में सम्मानित हुए कोसा बुनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कोसला लाईवलीहुड एण्ड सोशल फाउन्डेशन (कोसाला) ने शुक्रवार 22 मार्च को एक निजी होटल में कोसा कला के बुनकरों के साथ शिल्प उन्नति समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कोसाला कारीगर शिल्प उन्नति योजना का शुभारंभ हुआ।

■ कोसाला लाईवलीहुड एंड सोशल फाउंडेशन का आयोजन

कार्यक्रम में हिंडाल्को इण्डस्ट्रीज में एल्युमिनास के अध्यक्ष और सी.ई.ओ. तथा कोसाला लाइवलीहुड एवं सोशल फाउन्डेशन के निर्देशक सौरभ खेडेकर विशेष रुप से शामिल हुए। कार्यक्रम में खालिद अख्तर सहायक निर्देशक बुनकर सेवा केन्द्र रायगढ़, राजीव भरत कुमार सहायक उपाध्यक्ष और प्रेमकुमार सिंह गारे पाल्मा कोल माइंस हिंडाल्को इंण्डस्ट्रीज के एच. आर. प्रमुख उपस्थित रहे। शिल्प उन्नति समारोह में पिछले दो वर्षों से अधिक समय से कोसा कारीगर समुदाय के साथ कोसाला की यात्रा का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर बताया गया कि कोसाला कारीगर शिल्प उन्नति योजना कोसाला और कारीगरों के कला के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए आयोजित किया गया है। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कोसा के चार बुनकरों को कोसाला भूषण के रूप में सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम के उपरांत बुनकरों और आए हुए मेहमानों ने रायगढ़ घराने की कथक प्रतिपादक मौलश्री सिंह की कथक नृत्य प्रस्तुति का आनंद लिया। श्रीमती नीता शाह (सी.ई.ओ.) कोसाला लाइवलीहुड एण्ड सोशल फाउन्डेशन ने इसे वार्षिक कार्यक्रम बनाने का प्रयोजन रखा है।

## होली में ज्यादा से ज्यादा हर्बल रंग व गुलाल का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

होली पर्व के मद्देनजर जिले मे होलिका दहन और होली उत्सव शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। शांति समिति की बैठक अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रमा पटेल तथा समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक, समिति के सदस्य और अधिकारीगण की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता प्रभावशील होने के साथ ही जिले में धारा 144 लागू है। इसलिए किसी भी पर्व को राजनैतिक रूप से ना मनाया जाए। सभी प्रकार के आयोजनों तथा रैली, जुलुस, डीजे के लिए संबंधित एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से लिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा की होली में ज्यादा से ज्यादा हर्बल रंगों का उपयोग करने के साथ ही अनावश्यक किसी पर रंग ना डाले। कलेक्टर ने पुलिस विभाग को उपद्रव, हुल्लड़बाजी, जबरन रंग डालने वालों, सड़क पर होलिका दहन करने वालों एवं तीन सवारी वाहन चलाने वालों, मुखौटा लगाकर हुटिंग करने वालों पर निगरानी रखने के साथ ही कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने होली त्यौहार मिल-जुल कर और सदभाव के साथ मनाने का निर्णय लिया। कलेक्टर ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारे का है।



■ मुखौटा लगाकर हुटिंग करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

## देश में शुरु से ही हिंदी संपर्क भाषा के रूप में निभा रही भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में राष्ट्रीय एकीकरण की संवाहक हिंदी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन डॉ किरण झा, सहायक निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय दिल्ली के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

■ लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में हिंदी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ जी सी भारद्वाज ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में डॉ हीरालाल शर्मा, पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर, डॉ जयपाल सिंह ,डॉ सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर, डॉ मुकेश कुमार, प्राचार्य शासकीय बिर्रा महाविद्यालय, विनोद शर्मा हिंदी निदेशालय दिल्ली, प्रो गेलानंद शासकीय महाविद्यालय केरा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ किरण झा ने मुख्य रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 351 के बारे में बताया कि संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढ़ाए,उसका विकास करे ताकि वह भारत की सामासिक संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना हिंदुस्तानी के और आठवीं अनुसूची में बताई गयी अन्य भाषाओं के प्रयुक्त रूप,शैली और पदों को आत्मसात करते हुए और जहाँ आवश्यक हो वहाँ मुख्य रूप से संस्कृत से व गौण रूप से अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे। मुख्य वक्ता डॉ तारणीश गौतम ने अफगानिस्तान से लेकर संपूर्ण भारतवर्ष में आरंभ से ही हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में भूमिका निभाते आने की बात कही तथा संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के विस्तार को देखते हुए हिंदी के राष्ट्रभाषा के गौरव को प्राप्त करने की बात कही। इसके साथ ही छात्रों को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ प्रादेशिक भाषाओं के भी सम्मान की बात कही जिससे भाषाई एकता निर्मित हो सके। कार्यशाला को खरौद महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर जी सी भारद्वाज, डॉ हीरालाल शर्मा, डॉ जयपाल सिंह, डॉ मुकेश कुमार ने भी राष्ट्रीय एकीकरण की संवाहक हिंदी पर अपने संक्षिप्त विचार रखें। सर्वप्रथम हिंदी के प्राध्यापक प्रो ए के नेताम ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ए के नेताम एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सी बी खूंटे ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रोफेसर व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



कार्यशाला में जानकारी देते वक्ता।

## जल है तो कल है इसलिए पानी को व्यर्थ ना बहाएं

**पामगढ़।** विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मेऊ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ अंशुल मिंज रहे।

उन्होंने कहा कि विश्व जल दिवस एक महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जो हर वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है लोगों को पानी के महत्व के बारे में जागरूक करना और पानी के संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करना। हम सब जानते हैं कि जल है तो कल है इसलिए पानी को व्यर्थ ना बहाएं । पानी एक अनमोल संसाधन है, और हमें इसका सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने लोगों के कानूनी अधिकार के संबंध में भी विस्तार से बताए। इस मौके पर पीएलवी गजानंद प्रसाद कश्यप ने विश्व जल दिवस 2024 के थीम शांति के लिए जल है , पर चर्चा करते हुए निशुल्क कानूनी सहायता , टोल फ्री नंबर 15100 , महिलाओं के अधिकार, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, प्रथम सूचना रिपोर्ट, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम, गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, लोक अदालत आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर श्रीमती अनिता अग्रवाल जिला कार्यक्रम अधिकारी जांजगीर ने पोषण पखवाड़ा विषय पर विस्तार से जानकारी दी। परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग पामगढ़ श्रीमती अणिमा मिश्रा के द्वारा मंच संचालन करते हुए मतदाता जागरूकता, नव विवाहिता एवं नए मतदाताओं को बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को श्रीमती दिव्या राजपूत ने भी संबोधित किया। नरेंद्र सूर्यवंशी पैरा लीगल वॉलिंटियर, सचिव ग्राम पंचायत मेऊ रामेश्वर अनंत, श्रीमती मनीषा जांगड़े पर्यवेक्षक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

■ विश्व जल दिवस पर मेउ में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



जानकारी देते न्यायाधीश।

## छात्रावास व आश्रमों के मरम्मत पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सहायक आयुक्त एवं अधीक्षकों की बैठक हुई। बैठक में छात्रावास व आश्रमों के अधोसंरचना, कार्मिक सम्पदा, निरीक्षण, मरम्मत, ऑनलाईन शिष्यवृत्ति भुगतान सहित अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।

■ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सहायक आयुक्त एवं अधीक्षकों की हुई बैठक

नरेन्द्र कुमार दुग्गा (आईएएस) आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा 21 मार्च को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रावास/आश्रमों के अधोसंरचना, कार्मिक सम्पदा, निरीक्षण, मरम्मत, ऑनलाईन शिष्यवृत्ति भुगतान को अपग्रेड करने के साथ-साथ संस्था में निवासरत बालक - बालिकाओं की सुरक्षा एवं मनोवैज्ञानिक शिक्षा हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आगामी सत्र एवं ग्रीष्मकालीन सत्र में छात्र छात्राओं के स्किल डेवलपमेंट एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए दिशानिर्देश दिए गए। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रभारी सहायक आयुक्त विश्वास कुमार, मंडल निरीक्षक सक्ती मयंक चंद्रा सहित अन्य अधीक्षक उपस्थित रहे।




बैठक में विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जानकारी देते आयुक्त।


## किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी में बच्चों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार 22 मार्च को किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी 2023-24 का आयोजन किया गया। कक्षा केजी–2 के बच्चे अपनी प्री-प्राइमरी शिक्षा के पड़ाव को पार करके प्राइमरी पड़ाव में दाखिल हुए।

■ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह के साथ लिया भाग

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय निदेशक निखिल अग्रवाल एवं श्रीमती अंकिता अग्रवाल, विद्यालय कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, श्रीमती चंचल अग्रवाल और प्रधानाचार्य संतोष कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित सभी अभिभावकों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों ने प्री-विंग को छोड़ प्राइमरी विंग में प्रवेश कर रहे केजी–2 के सभी विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों एवं रचनात्मक उपलब्धियों के लिए डिग्री तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा शिक्षिका श्रीमती रितु मिश्रा, आरती गढ़ेवाल और अंजु चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में केजी-1 के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर केजी–2 के बच्चों को भविष्य में और आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी। कक्षा शिक्षिका नंदनी गुप्ता,एवं आस्था साहू के मार्गदर्शन में केजी – 2 के बच्चों ने डांस के माध्यम से अपने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। बच्चों ने समूह इंग्लिश राइम्स और हिंदी कविता पेश किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका मिस नंदनी गुप्ता सहित प्री-प्राइमरी के सभी शिक्षकों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मार्स एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल एवं समस्त निदेशकों सहित को किंडरगार्टन के सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने केजी – 2 के सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बच्चों को शैक्षणिक एवं रचनात्मक उपलब्धियों के लिए डिग्री तथा उपहार देकर सम्मानित करते अतिथि।

## कंटेनर चालक से दो सौ लीटर डीजल और 22 सौ की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कंटेनर चालक से 200 लीटर डीजल व 22 सौ रुपए नगदी लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपियों द्वारा रुपए नहीं दिए जाने पर ड्राइवर पर प्राणघातक हमला भी कर दिया था। घटना बलौदा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जनकारी के अनुसार घटना अकलतरा रोड एसएस व्ही हॉस्पिटल के पास की है। जगेश्वर कुर्मी पिता शिवसागर कुर्मी उम्र 35 वर्ष ग्राम मजगवां थाना रहली जिला सागर मध्यप्रदेश का रहने वाला है। वह डीएस कंस्टक्शन कंपनी में ड्राइवर है। इस कंपनी का कार्य बीएसएनएल के अंतर्गत बलौदा से अकलतरा रोड मे चल रहा है। 21 मार्च को अकलतरा बलौदा मुख्यमार्ग में कंटेनर क्रमांक सीजी 17 सी 6267 में बलौदा वापस आ रहा था। 21 मार्च की रात लगभग 1 बजे एएसव्ही अस्पताल के सामने सफेद कलर के बोलेरो में सवार व्यक्तियो ने वाहन को रोककर बोलेरो में सवार एक व्यक्ति लोहे का राड दिखाया और बोला चुपचाप रहना नही तो भुगतना पड़ेगा कहकर वाहन को बंद करवाया और कंटेनर का ताला तोड़ने लगा। ड्राइवर द्वारा मना करने पर गालियां देते हुए हाथ में रखे लोहे के राड से प्राणघातक हमला कर दिया। हमले में ड्राइवर के बाएं पैर कमर मे चोट लगी। वहीं ड्राइवर की लोवर में रखे 22 सौ रूपये लूट लिए, ड्राइवर को बैठाकर बोलेरो में रखी बडी बडी जैरिकेन में 200 लीटर डीजल को डिब्बा भरकर अकलतरा की ओर भाग गये। ड्राइवर ने घटना की जानकारी अपने साइट इंचार्ज को फोन पर दी, बलौदा पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही वह हरकत में आई और जांच में जुट गई।

23 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/23/2024 7:30 PM Page 1





# रणवीर सिंह की फिल्म पर आया बड़ा अपडेट

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और अभिनेता फरहान अख्तर ने जब से यह ऐलान किया है कि बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डॉन 3' में मुख्य अभिनेता का किरदार रणवीर सिंह निभाएंगे, तब से फैंस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। डॉन फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग में रणवीर सिंह बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की जगह लेंगे और डॉन की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का शूटिंग शेड्यूल ट्रैक पर है और यह अगले साल यानी 2025 में फ्लोर पर जाएगी। प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है।

लाइफ Style

# सई मांजरेकर

## सलमान के साथ सुरक्षित महसूस करती हूं

एजेंसी ▶▶ मुंबई



सई मांजरेकर अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर की लाडली बेटी हैं। सई ने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'दबंग 3' से की थी। हाल ही में अभिनेत्री फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' में नजर आईं। दर्शकों को इस फिल्म में सई की एक्टिंग काफी पसंद आई है।

पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान सई अपनी आने वाली फिल्मों के अलावा सलमान खान के साथ अपने रिश्ते पर भी खुलकर बातें करती नजर आईं। सई मांजरेकर अपनी मेहनत के दम पर धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो रही हैं। हाल ही में गुरु रंधावा के साथ उनकी फिल्म 'कुछ खट्टा हो जाए' रिलीज हुई थी। सई अपने करियर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, 'किसी भी नए कलाकार के लिए सलमान खान के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा है।'

सई अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, 'मैंने अपने करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ की थी। उस फिल्म की शूटिंग के दौरान जिस तरह से उन्होंने मेरा ख्याल रखा, वह मेरे लिए बेहद खास था। मैं उनके साथ एक अलग सा बांड महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर अपनी कोई भी फिल्म साइन करने से पहले सलमान खान से सलाह जरूर लेती हैं। वे कहती हैं, 'मुझे लगता है कि वे मुझे कभी गलत सलाह नहीं देंगे। उनके साथ मैं सुरक्षित महसूस करती हूं।' सई मांजरेकर आने वाले दिनों में अजय देवगन के साथ फिल्म 'औरों में कहां दम था' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा सई मांजरेकर साउथ की फिल्मों में भी दिखाई देंगी।

हॉलीवुड मसाला



# तीन बार करवाई ब्रेस्ट सर्जरी

**लॉस एंजिलिस।** अक्सर देखा जाता है कि फिल्मों में खूबसूरत दिखने के लिए सेलेब्स प्लास्टिक सर्जरी का सहारा लेते हैं। आज के समय में अपने शरीर के किसी भी अंग की प्लास्टिक सर्जरी कराना बहुत आसान हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा देश और विदेशी एक्ट्रेसेज शामिल हैं। आए दिन किसी न किसी एक्ट्रेस की सर्जरी की खबर सामने आती है। इन दिनों हॉलीवुड एक्ट्रेस मेगन फॉक्स अपनी सर्जरी को लेकर चर्चा में है। मेगन फॉक्स ने अपनी कुछ प्लास्टिक सर्जरी की पुष्टि की है बाकी का खंडन भी किया है।



# रिबेल मून 2 का एक्शन से भरपूर ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** जैक स्नायडर की स्पेस एंडवेंचर फिल्म रिबेल मून का दूसरा भाग अगले महीने रिलीज हो रही है। फिलहाल इसका ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें एक्शन और रोमांच की तगड़ी डोज देखने को मिल रही है। रिबेल मून का पहला भाग पिछले साल 22 दिसम्बर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सोफिया बुटेला रिबेल मून में लीड रोल निभाती हैं। रिबेल मून- पार्ट वनः अ चाइल्ड ऑफ फायर में सोफिया का किरदार कोरा का है, जो अंतरिक्ष के एक शांत ग्रह पर गांव के लोगों के बीच रहती है। अच्छी फाइटर कोरा बागी मिजाज की है। कोरा ब्रह्मांड में मदरवर्ल्ड के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंकती है और ब्रह्मांड के सबसे बड़े योद्धाओं को अपनी लड़ाई के लिए जमा करती है। पहले भाग में दिखाया गया था कि कोरा योद्धाओं को लेकर गांव पहुंचती है। दूसरे भाग द स्कारगिवर में कहानी आगे बढ़ेगी।



# जैकलीन ने सुकेश को दिया बर्थडे गिफ्ट!

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज तब से सुर्खियों में हैं जब उनका नाम सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शामिल हुआ है। अभिनेत्री का नाम ठग सुकेश से आज भी जोड़ा जाता है। सुकेश पिछले कुछ समय से जेल में है। जेल में रहने के बावजूद वह कई मौकों पर अभिनेत्री को प्रेम पत्र भेजता रहता है। अपने जन्मदिन से पहले, उसने एक बार फिर जैकलीन के नाम अपना पैगाम भेजा है। सुकेश चन्द्रशेखर ने पत्र की शुरुआत यह लिखकर की, "बेबी, 25 मार्च को मेरे जन्मदिन के गिफ्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन मैं इसे अपना छोटा जन्मदिन का उपहार कहूंगा। बेबी, यह मेरे जीवन में अब तक मिला सबसे अच्छा उपहार है। मैं जिस उपहार की बात कर रहा हूं, वह आपका नया रिलीज हुआ गाना यम्मी यम्मी है।



# अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी की उड़ी अफवाह

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होने लगीं जिनमें दावा किया गया कि एक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि, इसके पीछे की हकीकत अलग है। अल्लू अर्जुन पूरे देश के दिलों की धड़कन हैं। अर्जुन इंडस्ट्री के सबसे बड़े एक्टर्स में से एक हैं और फिलहाल वो अपनी एक्शन सीक्वल फिल्म 'पुष्पाः द रूल' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर हमेशा सुर्खियों में रहते हैं और इस बार जब उन्हें आरटीओ ऑफिस में देखा गया तो उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जैसे ही एक्टर की फोटो ऑनलाइन वायरल हुई, इसने इंटरनेट पर तूफान मचा दिया और फैंस तरह-तरह की अटकलें लगाने लगे। फैंस ने अनुमान लगाया कि अल्लू अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अल्लू को हैदराबाद में आरटीओ ऑफिस में देखा गया।

टीवी मसाला





# सलमान खान के शो में एंट्री लेगी वायरल गर्ल जसमीन


**मुंबई।** टीवी पर 17 साल राज करने के बाद ओटीटी पर रियलिटी शो बिग बॉस ने अपनी मुकाम बना लिया है। दो सीजन की अपार सफलता के बाद जल्द ही सलमान खान का बिग बॉस ओटीटी 3 भी आने वाला है। इस बीच बिग बॉस ओटीटी 3 के कंटेस्टेंट की लिस्ट में जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ वायरल सोशल मीडिया ट्रेंड से रातों-रात स्टार बनने वालीं जसमीन कौर का नाम शामिल हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार ये बताया जा रहा है कि जसमीन कौर बिग बॉस ओटीटी सीजन में नजर आ सकती है। बीते साल जसमीन का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कुछ ड्रेसेस को जस्ट लुकिंग लाइक ए वाउ बताती नजर आईं। लेकिन जिस स्टाइल से उन्होंने इसे कहा वो देखते ही देखते इंटरनेट पर जमकर वायरल हो गया है। बी टाउन एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जैसे तमाम सेलेब्स ने भी जसमीन की स्टाइल को कॉपी करते हुए इस ट्रेंड पर वीडियो बनाए, जिनकी खूब चर्चा हुई। बता दें कि जसमीन कौर दिल्ली की एक फेमस क्लोथिंग डिस्ट्रीब्यूटर हैं और इंस्टाग्राम हैंडल पर करीब 1.3 मिलियन फॉलोअर्स भी हैं।

# अंकिता का पैपराजी पर फूटा गुस्सा



**मुंबई।** बिग बॉस 17 के बाद अब अंकिता लोखंडे बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए दिखेंगी। हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता रणदीप हुड्डा संग उनकी लेटेस्ट फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर आज से सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। बीते रात अंकिता की इस फिल्म का प्रीमियर रखा गया है, जिसमें सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट्स अभिषेक कुमार, खानजादी और आयशा खान जैसे कई और सदस्य शामिल हुए। इस बीच पैपराजी की भारी भीड़ के चलते हुई दिक्कत की वजह से अंकिता लोखंडे गुस्से में आ गई और उन पर आग बबूला हो गईं। दरअसल गुरुवार को अंकिता लोखंडे की बहुचर्चित फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की एक स्पेशल स्क्रीनिंग मुंबई में रखी गई। इस दौरान अंकिता के पति विक्की जैन, फैमिली के सदस्य और बिग बॉस 17 के तमाम मेंबर्स एक साथ नजर आए।

# कार्तिक की झोली में एक और मेगा बजट फिल्म



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के टॉप एक्टर्स में से एक है। अपने करियर ने कार्तिक ने कई शानदार फिल्में दी और आने वाले दिनों में भी कार्तिक कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। कार्तिक ने एक्शन, कॉमेडी, रोमांस, थ्रिलर समेत लगभग हर शैली के फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस बीच 'भूल भुलैया 2' की सफलता ने कार्तिक की झोली कई फिल्में डाल दी, जिसमें अब एक और फिल्म का नाम जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स मुताबिक कार्तिक एक बार फिर एक्शन करते नजर आने वाले है। चर्चा है कि कार्तिक साजिद नाडियाडवाला की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो साजिद नाडियाडवाला कार्तिक के साथ एक मेगा बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म की योजना बना रहे हैं, जिसे विशाल भारद्वाज निर्देशित करेंगे, फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम हो रहा है। चर्चा ये भी है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है, जिसकी शूटिंग इसी साल शुरू होने वाली है। चर्चा है कि मेकर्स फिल्म को साल 2025 में रिलीज करने की योजना बना रहा है। फिल्म में एक्शन थ्रिलर के साथ-साथ दर्शकों को कॉमेडी और ड्रामा भी देखने को मिलेगा।

# जान्हवी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं राम चरण






**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने तेलुगु डेब्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह जल्द ही जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' से अपना साउथ डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही वह फिल्म 'आरसी 16' से भी साउथ सिनेमा में अपने अभिनय का जलवा बिखरेंगी। इसमें वह राम चरण के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। जान्हवी के साथ काम करने को लेकर अभिनेता ने उत्साह व्यक्त किया है। राम चरण 'आरसी 16' में जान्हवी कपूर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा कीं। राम ने अभिनेत्री और उनके पिता, निर्माता बोनी कपूर के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह अपने घर पर उनकी मेजबानी करते दिखाई दिए। उन्होंने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'आरसी 16 का इंतजार कर रहा हूं।' 6 मार्च को जान्हवी कपूर के जन्मदिन पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा हुई थी।

## शुक्रवार को देशभर में रिलीज हुई फिल्म पर आया दर्शकों का रूझान

# स्वातंत्र्य वीर... हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की हकीकत

रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में शामिल विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित यह फिल्म उनकी सशस्त्र क्रांति की नीतियों का खुलासा करती है।




**मुंबई।** वीर सावरकर का किरदार फिल्म में रणदीप हुड्डा ने अदा किया है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका अदा करने के साथ-साथ रणदीप ने फिल्म का निर्देशन भी किया है। अब जब फिल्म रिलीज हो गई है तो सोशल मीडिया पर इसे कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म के लिए रणदीप हुड्डा ने जीतोड़ मेहनत की है। उन्होंने ढेरों किताबें पढ़कर न सिर्फ गहन अध्ययन किया है, बल्कि वीर सावरकर के किरदार को पर्दे पर दिखाने के लिए गजब का ट्रांसफॉर्मेशन भी किया है। अभिनेता ने करीब 26 किलो वजन घटाया है। अब जब फिल्म पर्दे पर आ गई है तो दर्शकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

### दो नेशलन अवार्ड

सोशल मीडिया पर नेटिजन्स अभिनेता और फिल्म दोनों की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ यूजर्स फिल्म को 'थ्रिलिंग मास्टरपीस' कह रहे हैं। कुछ फैंस ने तो अभिनेता को इस फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड दिए जाने की बात तक कह डाली है।

### अंकिता को भी तारीफ

रणदीप हुड्डा के साथ-साथ अंकिता लोखंडे के अभिनय की भी दर्शक दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री ने 'स्वतांत्र्य वीर सावरकर' में यमुनाबाई सावरकर का किरदार निभाया है। फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखकर लौट रहे दर्शक फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

### रणदी का जादू

रणदीप हुड्डा ने हमेशा की तरह इस फिल्म में भी अपने अभिनय का जादू चलाया है। दर्शक फिल्म की तारीफ तो कर ही रहे हैं, साथ ही दूसरों को भी इसे जरूरत देखने की सलाह दे रहे हैं। खासकर युवाओं को यह फिल्म देखने का सुझाव अधिकांश दर्शक देते नजर आए हैं।

खबर संक्षेप

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में गंभीरता बरतते हुए जिला पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लगातार साइबर क्राइम और चाइल्ड पॉर्नोग्राफी के मामले सामने आ रहे हैं जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर लोगों में साइबर अवेयरनेस लाने जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जानबूझ कर बच्चों से संबंधित अश्लील कंटेंट सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के संबंध में प्राप्त हुए साइबर टीपलाइन में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कल साइबर टीप लाइन की जांच पर थाना कोतवाली में 3, थाना कोतरारोड़ में 2 एवं थाना तमनार में 1 आरोपी पर धारा 67बी आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा फेसबुक पर बच्चों से संबंधित अश्लील कंटेंट अपलोड एवं प्रचारित किया गया था। बच्चों के संबंध में किसी प्रकार का अश्लील वीडियो देखना, डाउनलोड करना, अपलोड करना या शेयर करना अपराध है। और ऐसी करवाई की जानकारी केंद्रीय साइबर सेल द्वारा साइबर टिप लाइन रिपोर्ट के द्वारा तत्काल जिलो को प्रदाय किया जाता है।

## अवैध इमारती लकड़ी पर वन विभाग ने की कार्रवाई

**सारंगढ़।** सारंगढ़ बायपास दानसरा बेरियाल में रात्रि में तैनात वन सुरक्षाकर्मी ने एक छह चक्का ट्रक लोड तिरपाल से ढका हुआ दिखा जिसको बेरियल में रोक कर ड्राइवर से पूछ तास करने पर किसी प्रकार की कोई ठोस दस्तावेज नहीं दिखाया ड्राइवर ने गोल मटोल जवाब देने लगा तब सुरक्षाकर्मी ने अपने रात्रि गस्त में उच्च अधिकारी को अवगत कराया और ढके तिरपाल को हटाया लोड ट्रक के अंदर कीमती मिश्रित लकड़ी मिला जिसको सामान्य वन परिक्षेत्र के अधिकारियों ने राजसात की कार्रवाई की। वही रेंजर ने बताया कि रायपुर रोड से आ रही ट्रक को हमारे वन क्षेत्रपॉल के द्वार लोड ट्रक को रोका और ड्राइवर से जानकारी लिया इस ट्रक में जो है उसका दस्तावेज बताने को कहा लेकिन ड्राइवर ने किसी ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नही की ट्रक में मिश्रित इमारती कहुआ, अर्जुन लकड़ी जांच में मिला जिसको राजसात कर आरोपी के ऊपर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### होली पर्व शांति से मनाने की अपील, हुड़दंगियों पर होगी कार्रवाई

# पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने ली शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

होलिका दहन एवं धुलेडी रंग गुलाल का त्योहार जिले में धूमधाम से मनाया जाता है। वर्तमान में आचार संहिता प्रभावशील है होली के अवसर पर सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर आज जिला मुख्यालय एवं तहसीलों में शांति समिति की बैठक लिया गया। पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने शांति समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की गई जिसमें सभी पक्षों ने शांतिपूर्ण रूप से होली त्यौहार मनाए जाने का निर्णय लिया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने बताया कि होली में प्रशासन और पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होगी हुड़दंगियों एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी कार्यवाही करेगी। रायगढ़ तहसीलदार लोमश मिरी ने बताया कि होली को लेकर प्रत्येक थानों में कार्यपालिक दंडाधिकारी कर्तव्यस्थ रहेंगे जो उपद्रवियों पर कार्रवाई कर उन्हें सीधे जेल भेजेंगे। जिला प्रशासन ने होली के दिन हेल्थ सेक्टर, प्राइवेट अस्पतालों को खुले रहने के निर्देश दिए हैं जिससे आपात स्थितियों में लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके। फायर ब्रिगेड की टीम को भी आगजनी की स्थिति में मुस्तैद रहने के निर्देश हैं। मीटिंग में उपस्थित गणमान्य सदस्यों एवं राजनीतिक दलों से संबंधित व्यक्तियों को जिले में प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का पालन करने कहा गया। तहसीलदार रायगढ़ ने डीजे के संबंध में स्पष्ट किये कि दिन हो या रात तेज आवाज में डीजे बजाना प्रतिबंधित है बिना अनुमति डीजे बजाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, उप पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रमेश चंद्रा, रायगढ़ तहसीलदार लोमश मिरी, नायब तहसीलदार गिरीश निम्बालकर, हरनंदन बंजारे, सुरेन्द्र कश्यप, नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल, राकेश मिश्रा, प्रशांत राव, मोहनलाल भारद्वाज, कुमार गौरव एवं उपनिरीक्षक डीपी साहू तथा जनप्रतिनिधियों में शाखा यादव, संजय चौहान, उपस्थित थे।

### छाल पुलिस ने दिए आवश्यक निर्देश



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर 23 मार्च को थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन बैस के द्वारा रंगों का त्योहार होली को लेकर शनिवार को प्रातः छाल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। आयोजित बैठक में सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी हर्षवर्धन बैस के द्वारा बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का आग्रह किया गया। इसमें सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रशासन से त्योहार के मौके पर शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान कहा गया कि होली के मौके पर शराब विवाद व हंगामा का बड़ा कारण बनता है। इस पर प्रशासन विशेष ध्यान दें। इसके अलावा हाई स्पीड बाइकर्स पर लगाम लगाने की भी मांग की। थाना प्रभारियों ने गंभीरता से लेते हुए इस पर त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया। उन्होंने बैठक के माध्यम से वैसे अभिभावकों जिन्होंने अपने बच्चों को स्पीड बाइक थमा दी है, उससे अपने बच्चों पर ध्यान देने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा कि कार्रवाई होने की स्थिति में किसी की नहीं सुनी जाएगी। बैठक में यह प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य मालती राठिया के पति नीलांबर राठिया, जनपद उपाध्यक्ष धर्मजयगढ़ रमेश अग्रवाल, एवं पत्रकार तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सरपंच पंच आदि उपस्थित थे।

### थाने में हुई शांति समिति की बैठक



**पुसौर।** होली के मद्देनजर आयोजित शांति समिति की बैठक में नवपदस्थ अधिकारियों ने न केवल कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। बल्कि इसी बहाने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों से भी परिचित हुए। होली के अवसर पर लोक मान्यताओं की जानकारी लेते हुए वर्तमान में लागू आचार संहिता एवं चल रहे परिक्षा जैसे चुनौतियों के बीच आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की। स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए अमन चैन बनाए रखने जैसे गंभीर विषय पर चर्चा भी हुई जिसमें तहसीलदार नेहा उपाध्याय ने होली के पूर्व हुडदंगियों को चिन्हांकित कर उन पर नकेल कसने की बात की। बैठक में तहसीलदार नेहा उपाध्याय, बीएमओ डा. विनोद नायक, नगर पंचायत सीएमओ क्षितिज सिंह एवं टीआई आरके बंजारे सहित तहसील मुख्यालय के अन्य संबंधित विभाग प्रमुख शामिल हुये वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश थवाईत, उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, जनपद उपाध्यक्ष गोपी चौधरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष किशोर कसेर, पर्यावरण विद एवं स्वतंत्र पत्रकार शिव राजपुत नेता प्रतिपक्ष उमेश साव, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, हरित सेवा समिति अध्यक्ष सीताराम चौहान संजु कसेर, बैकुण्ठ गुप्ता, बैशाखु यादव, वल्लभ गुप्ता, फकीर मालाकार, किसलय श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्श थाने में हो रहे शांति समिति की बैठक को लेकर लोग उत्साही रहते हैं वहीं थाना परिवार भी बैठक में शामिल लोगों का उचित सत्कार भी करते रहे हैं।

### डीएसपी व थाना प्रभारी तमनार ने ली बैठक



**रायगढ़।** उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय एवं थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक ली गई। इस बैठक में डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने बताया कि पुलिस शुक्रवार से ही ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालोंए तीन सवारी वाहन चलने वालों पर कार्यवाही करेगी। उन्होंने क्षेत्र में शांतिपूर्ण होली त्यौहार मनाने की अपील की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा पुलिस से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करने सुझाव दिया गया, जिस पर थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार से ही विशेष रूप से तमनार के प्रमुख चौकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया जाएगा। भारी वाहनों को यार्ड में रखने के निर्देश है, होलिका दहन की अधिकतम सीमा रात्रि 11 बजे रखने पर सभी की सहमति बनी। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग की पर्याप्त व्यवस्था है, पुलिस शुक्रवार से और सघन निगरानी करेगी।

### पूंजीपथरा थाना परिसर में पुलिस ने की अपील



**रायगढ़।** थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा होली त्यौहार को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी ने क्षेत्र में होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण व सद्भावना के साथ मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी बताए कि होली को लेकर पुलिस सतर्क है और अतिरिक्त पेट्रोलिंग लगाई गई है, जो हुड़दंगियों पर नजर रखेगी। उन्होंने कहा कि होली त्योहार पर किसी प्रकार का विवाद ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी प्रमुख स्थानों पर पुलिस की कड़ी निगरानी होगी लगातार पेट्रोलिंग पार्टी गस्त करेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि होली में नशीली पदार्थ का सेवन न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग ना डालें, ग्रीस और कांच युक्त रंगों का प्रयोग ना करें, कोई भी अशुभनीय हरकत एवं शब्दों का प्रयोग ना करे। विशेष रूप से यातायात नियमों का पालन करें, दो पहिया वाहन में तीन सवारी ना चलाएं। मॉडिवाई साइलेंसर वाहनों पर पुलिस निगाह रखेगी।

# डोंगरीपाली धान खरीदी केंद्र में लाखों का धान भीगा

**सारंगढ़।** बरमकेला ब्लॉक के डोंगरीपाली धान खरीदी केंद्र मे मंडी प्रबंधक कि बड़ी लापरवाही सामने आई है। मंडी प्रबंधक के मनमानी रवैये से शासन कि धान बोरी बारिश मे भीगकर अंकुरित हो गई है जबकि अधिकारियों के अनुसार संग्रहण केंद्र में धान को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी केंद्र प्रभारियों की है। इसके बाद भी खुले में रखी धान की बोरियां भीग गई है। जो समिति प्रबंधक की घोर लापरवाही है। हुई अचानक बारिश ने व्यवस्थाओ की पोल खोल कर रख दी है।



धान खरीदी केंद्रों में खरीदी की गई धान की सुरक्षा के लिए शासन की ओर से समितियों को राशि भुगतान किया जाता है। इसमें चौकीदार, बारिश से बचाने के लिए तिरपाल की व्यवस्था, भूसी की खरीदीए समेत अन्य कार्यों शामिल होते हैं। शासन से मिलने वाला राशि लाखों रुपए की होती है। इसके बाद पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जा रही है। किसानों ने बताया की धान खरीदी केंद्र डोंगरीपाली में हजारों क्विंटल धान बरसते पानी में जमीन के नीचे बिना तालपतरी के रखे हुए हैं। साथ ही कुछ जगह साधारण पन्नी से धान की छल्लियों को ढंकने के लिए उपयोग किया गया है। जो धान को पानी से बचाने के लिए नाकाफी है। खुले में बिना सिलाई के खरीदी किए हजारो बोरा धान छोड़ दिया गया था। लोगों की माने तो मिले राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। यहां खुले में रखा हजारो बोरी धान भींगता रहा इससे मण्डी प्रबंधक कोई ध्यान नही दिया और न तो कोई उचित व्यवस्था की गई और तो और मौके का निरीक्षण करना भी जरूरी नहीं समझा गया। बाद मे मजदूरों ने आ कर फड़ में रखे धान को प्लास्टिक ढंक कर छोड़ दिया है। तब तक हजारो बोरा धान भींग जाने से भारी नुकसान हुआ है।

## टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**कुड़ेकेला।** छाल इलाके में शुक्रवार की सुबह 9 बजे एक और दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें अज्ञात भारी वाहन चालक ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक सवार दूसरे शख्स की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों व्यक्ति छाल थाना क्षेत्र के बंगरसुता गांव के निवासी हैं। बंगरसुता निवासी नंदलाल पुरोहित, उम्र 45 वर्ष, के साथ गजेंद्र नामक एक व्यक्ति पारिवारिक काम से मुनुन्द गांव आ रहे थे काम निपटा वापिस घर को लौटते समय मुन्नुद कुड़ेकेला के बीच किसी अज्ञात ट्रैलर वाहन ने बाइक को अपने जद में ले लिया।

# 3 गाड़ियों से 11.54 लाख नकद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लागू आचार संहिता के बीच रायगढ़ जिले में एसडीओपी खरसिया, आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल एवं उनकी टीम द्वारा वाहनों की जांच के दौरान करीब 11 लाख 54 हजार रुपए धनराशि जप्त की गई है।

एसडीओपी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल से प्राप्त जानकारी अनुसार जांच के दौरान 3 अलग-अलग वाहनों से ये धनराशि जप्त की गई है। इसमें एक गाड़ी से 5 लाख रुपए, अन्य दूसरी गाड़ी से 3 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए गए। वहीं एक अन्य गाड़ी से 3 लाख 4 हजार 693 रुपए मिले। वाहन चालकों से जब धनराशि के बारे में जानकारी मांगी गई तो वे इसके संबंध में कोई दस्तावेज या जानकारी प्रस्तुत नही कर सके। जिसके पश्चात पुलिस टीम के द्वारा राशि को जप्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से जिले में चौकसी बढ़ा दी गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी इंफोर्समेंट एजेंसीज के अधिकारियों को लगातार जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हुए हैं। एसपी दिव्यांग पटेल ने पुलिस की टीमों को सघन जांच के लिए निर्देशित किया है। पुलिस के साथ दूसरी जांच एजेंसियों की टीम्स भी फील्ड पर सक्रिय हैं। नकदी एवम अन्य सामग्री के अवैध परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## सड़क हादसे में एक की मौत

**पुसौर।** ग्राम मचिदा निवासी गोविंद सोनी रात लगभग 10 बजे अपनी बाईक सीजी 13 ए जेड 3579 में सवार होकर रायगढ की ओर जा रहा था कि विपरीत दिशा से आ रही कार क्रमांक सीजी 13 डब्लु 9919 कार चालक विष्णु प्रधान निवासी ग्राम कान्दुरपाली के टक्कर मारने से मौके पर लहुलुहान हो गया और इलाज हेतु ले जाते समय उसका मौत हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मुताविक दुर्घटना इतना भयंकर था कि टक्कर मारते ही उक्त कार तत्काल नौ दो ग्यार हो गया वहीं मोटर सायकिल पुरा पुरा कवाडा हो गया और उसमें सवार गोविंद सोनी लहुलुहान होकर बेहोषी की हालत में आ गया। मौके पर रहे लोगों ने हरसंभव इलाज मुहैया कराने गोविंद सोनी को हास्पीटल तक ले जाने की कोशिश की इलाज और संबंधित कार की भी पतासाजी करने की कोशिश की जिसमें वे सफल नहीं हो पाए ।













